# तेल की धार में बहा बाजार, सूचकांक 1,690 अंक लुढ़का

## पश्चिम एशिया संघर्ष में कोई कमी नहीं आने के संकेत से आई गिरावट, एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट

मुंबई,

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गई और बीएसई सूचकांक 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार कच्चे तेल की कीमत 100 डालर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपए में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक 1,690.23 अंक यानी 2.25 फीसद गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 1,739.04 अंक टूटकर 73,534.41 तक पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयरों में से 3,544 शेयरों में गिरावट, 822 में बढ़त और 135 शेयर स्थिर रहे। एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 486.85 अंक यानी 2.09 फीसद गिरकर 22,819.60 पर बंद हुआ। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी दिवस वाले सप्ताह में, बीएसई सूचकांक 949.74 अंक टूटा और निफ्टी 294.9 अंक नीचे आ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर रही।

इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 डालर के पार चली गईं। लगातार विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपए में गिरावट ने जोखिम लेने की क्षमता और कम कर दी। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे ज्यादा 4.55 फीसद की गिरावट दर्ज की गई, उसके बाद इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इटरनल और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल और पावर ग्रिड कारपोरेशन में बढ़त दर्ज की गई।


### विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डालर घटकर 698.346 पर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त में 11.413 अरब डालर घटकर 698.346 अरब डालर रह गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डालर घटकर 709.76 अरब डालर रहा था। 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डालर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डालर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डालर बढ़कर 557.69 अरब डालर हो गईं। डालर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं।

## चांदी में 11,250 रुपए प्रति किलो, सोने में 1,900 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट

नई दिल्ली,

सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं की कीमतों में पांच फीसद तक की गिरावट आई। चांदी 11,250 रुपए लुढ़ककर 2.30 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रही, जबकि सोना टूटकर 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की



कीमत 11,250 रुपए यानी लगभग पांच फीसद लुढ़ककर 2,30,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

राम नवमी के कारण गुरुवार को सर्राफा बाजार बंद थे। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 फीसद शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपए, यानी 1.3 फीसद टूटकर 1,47,800 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। विश्लेषकों ने कहा कि सर्राफा कीमतें अस्थिर रहीं, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक संकेतों ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 37.19 डालर, यानी लगभग एक फीसद बढ़कर 4,416 डालर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 0.23 फीसद बढ़कर 68.12 डालर प्रति औंस पर थी।

## आरबीआइ ने वीआरआर नीलामी के जरिए बैंकों में डाले 65,322 करोड़

मुंबई,

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को बैंकिंग प्रणाली में छह दिन की वेरिएबल रेट रेपो (वीआरआर) नीलामी के जरिए 65,322 करोड़ रुपए की अस्थायी नकदी डाली। परिवर्तनीय रेपो दर नीलामी आरबीआइ की बैंकों में अल्पकालिक नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली एक मौद्रिक नीति पहल है। निश्चित रेपो दर के उलट, वीआरआर में ब्याज दर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है, जिससे बैंकों को धनराशि के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलती है।

केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि यह राशि 5.26 फीसद की कट-आफ और 5.29 फीसद की भारित औसत दर पर उपलब्ध कराई गई।

*केंद्रीय* बैंक ने बयान में कहा कि यह राशि 5.26 फीसद की कट-आफ और 5.29 फीसद की भारित औसत दर पर उपलब्ध कराई गई।

बैंकों में अग्रिम कर भुगतान और जीएसटी निकासी के कारण अधिशेष नकदी में तेज गिरावट के बावजूद डाली गई राशि 75,000 करोड़ रुपए की घोषित राशि से कम रही।

वर्तमान में 26 मार्च तक बैंकों में लगभग 48,698.38 करोड़ रुपए की अधिशेष नकदी होने का अनुमान है। पिछले कुछ दिनों में केंद्रीय बैंक ने विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामियों के माध्यम से बैंकों में 2,08,208 करोड़ रुपए की अस्थायी नकदी डाली है।

### पश्चिम एशिया संकट : पायलटों के संगठन 'एल्पा इंडिया' ने डीजीसीए को लिखा पत्र

## उच्च जोखिम वाले संघर्ष क्षेत्रों में उड़ानें रोकने की मांग

नई दिल्ली,

पायलटों के संगठन 'एअरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (एल्पा) इंडिया' ने शुक्रवार को नागर विमानन मंत्रालय और विमानन नियामक डीजीसीए से आग्रह किया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच उच्च जोखिम वाले संघर्ष क्षेत्रों के लिए उड़ान संचालन को तब तक निलंबित किया जाए, जब तक केंद्रीय स्तर पर जोखिम का आकलन नहीं हो जाता।

संगठन ने युद्ध जोखिम बीमा की जरूरतों पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले चालक दल के सभी सदस्यों के लिए वैध बीमा कवरेज तुरंत शुरू करने सहित सत्यापन भी किया जाए। इस बीमा कवरेज में युद्ध जोखिम से जुड़े प्रावधान शामिल हों। अमेरिका, इजराइल और ईरान से जुड़े पश्चिम एशिया के संघर्ष ने हवाई सेवाओं को काफी प्रभावित किया है और इस वजह से कई एअरलाइन ने अपनी उड़ानें सीमित कर दी हैं।

*संगठन* ने युद्ध जोखिम बीमा की जरूरतों पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले चालक दल के सभी सदस्यों के लिए वैध बीमा कवरेज तुरंत शुरू करने सहित सत्यापन भी किया जाए।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को लिखे पत्र में एल्पा इंडिया ने कहा कि वाणिज्यिक एअरलाइन के पास संघर्ष क्षेत्रों में खतरों का सही आकलन करने के लिए जरूरी खुफिया, निगरानी और भू-राजनीतिक विश्लेषण की क्षमता नहीं होती, इसलिए डीजीसीए को तत्काल समीक्षा कर ऐसे क्षेत्रों में उड़ानों को रोकना चाहिए।

संगठन ने यह भी मांग की कि संघर्ष क्षेत्रों में उड़ान संचालन के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्पष्ट और बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। पत्र में एअर इंडिया के संचालन संबंधी निर्णयों की भी जांच की मांग की गई है, ताकि यह तय किया जा सके कि चालक दल और यात्रियों को जोखिम में डालने की जिम्मेदारी किसकी है, खासकर अगर पर्याप्त युद्ध जोखिम बीमा नहीं हो। इससे पहले 18 मार्च को भी एल्पा इंडिया ने चालक दल और यात्रियों के लिए युद्ध जोखिम बीमा सुनिश्चित करने की मांग उठाई थी।



आस्था

अयोध्या में शुक्रवार को राम नवमी पर सरयू नदी में पूजा करतीं महिलाएं।

## आइफोन उपयोगकर्ता भी अब एक फोन पर चला सकेंगे वाट्सएप के दो खाते

नई दिल्ली,

मेटा के स्वामित्व वाले वाट्सएप ने कई नई सेवाएं शुक्रवार को पेश कीं। इनके तहत एप्पल आइफोन उपयोगकर्ता अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा तस्वीर संपादन और संदेश लिखने के लिए नए कृत्रिम मेधा उपकरण भी जोड़े गए हैं। कंपनी ने कहा कि 'टू अकाउंट्स, वन फोन' सेवा जो पहले केवल एंड्रायड उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध थी अब आइओएस पर भी शुरू की जा रही है।

वाट्सएप ने अपने 'ब्लाग पोस्ट' में कहा कि इस 'अपडेट' के बाद उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ऐप के नीचे वाले 'टैब' में दिखाई देने वाली 'प्रोफाइल' तस्वीर के जरिए उपयोगकर्ता सक्रिय खाते की पहचान कर सकेंगे।

जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआइ के बढ़ते उपयोग के बीच वाट्सएप ने मेटा एआइ को सीधे 'चैट' में एकीकृत किया है। उपयोगकर्ता अब किसी तस्वीर को भेजने से पहले तस्वीर में सुधार कर सकते हैं, अनचाहे तत्व हटा सकते हैं, पृष्ठभूमि बदल सकते हैं या अलग-अलग शैली लागू कर सकते हैं। एआइ उपकरण से जुड़ी संभावित सुरक्षा चिंताओं पर कंपनी ने जोर देते हुए कहा कि उपयोगकर्ताओं की चैट 'पूरी तरह निजी' रहेंगी। कंपनी ने यह भी कहा कि मेटा एआइ सेवाएं सभी उपयोगकर्ताओं को तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाएंगी। 'क्रास-प्लेटफार्म चैट ट्रांसफर' भी आसान बना दिया गया है।

## गोयल ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि से अगले चरण पर की चर्चा

नई दिल्ली,

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ बैठक में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता के अगले चरण पर चर्चा की। कैमरून के याउंडे में विश्व व्यापार संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन(एमसी14) के दौरान हुई मुलाकात में दोनों ने डब्ल्यूटीओ की बैठक से संबंधित कई मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।



चार दिवसीय सम्मेलन 26 मार्च को शुरू हुआ। गोयल ने सोशल मीडिया पर पर लिखा, विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ बहुत ही सार्थक चर्चा हुई।

हमने विश्व व्यापार संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) के एजेंडा और भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ता में अगले कदमों पर विचार-विमर्श किया और अपने आर्थिक सहयोग और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है।

### कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर वित्त मंत्री ने कहा

## पूर्णबंदी की गुंजाइश नहीं, गलतफहमी न फैलाएं

नई दिल्ली,

संसद ने शुक्रवार को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में पूर्णबंदी की कोई गुंजाइश नहीं है और इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलाई जानी चाहिए।

राज्यसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी के साथ उच्च सदन ने अनुदान की अनुपूरक मांगों और उससे जुड़े विनियोग विधेयक को भी



*राज्यसभा* ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया।

ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा इनको पहले ही मंजूरी दे चुकी है। राज्यसभा में वित्त मंत्री सीतारमण ने वित्त विधेयक और विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों ने यह प्रश्न किया था कि पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद कर घटाए जाने के बाद सरकार 2026 वित्त वर्ष में 4.3 फीसद के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को कैसे हासिल करेगी? वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के कुल राजस्व में उत्पाद शुल्क से होने वाले राजस्व का योगदान करीब 10 फीसद होता है। सीतारमण ने कहा कि अतिरिक्त साधनों को जुटाना, विकास को बढ़ावा देने वाले व्यय को प्राथमिकता देना, कल्याणकारी व्यय को बेहतर तरीके से लक्षित करना तथा राजकोषीय कामकाज में अधिक पारदर्शिता रखना, सरकार की महत्त्वपूर्ण पहचान रहे हैं।

रखरखाव

### जोखिम में आ चुकी गैर-एएसआइ विरासत संरचनाओं की एक सूची तैयार करने की भी सिफारिश

# संसदीय समिति ने ब्रिटिश कालीन स्मारकों के संरक्षण का दिया सुझाव

नई दिल्ली,

संसद की एक समिति ने विभिन्न पुराने जिला कलेक्टरेट भवनों को 'ध्वस्त' किए जाने की ओर ध्यान दिलाते हुए भारतीय पुरातत्व संरक्षण (एएसआइ) के दायरे में नहीं आने वाली ब्रिटिशकालीन धरोहर स्थलों के संरक्षण का सुझाव दिया है। साथ ही समिति ने 'जोखिम में आ चुकी गैर-एएसआइ विरासत संरचनाओं की, राज्य सरकारों के साथ तालमेल कर एक सूची तैयार करने की भी सिफारिश की है।

परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधित संसद की स्थाई समिति ने संस्कृति मंत्रालय को 'रेल इंजन, जहाज और विमान जैसी विरासत संपत्तियों के संरक्षण के लिए रेलवे, शिपिंग, रक्षा और नागरिक उड्डयन मंत्रालयों के साथ समन्वय करने



*परिवहन,* पर्यटन और संस्कृति संबंधित संसद की स्थाई समिति ने संस्कृति मंत्रालय को 'रेल इंजन, जहाज और विमान जैसी विरासत संपत्तियों के संरक्षण के लिए रेलवे, शिपिंग, रक्षा और नागरिक उड्डयन मंत्रालयों के साथ समन्वय करने का सुझाव दिया।

का सुझाव दिया। संसद के दोनों सदनों में 25 मार्च को पेश समिति की ह्रासंस्कृति मंत्रालय की अनुदान मांगें (2026-27)' संबंधी रपट में कहा गया है कि एएसआइ 38 सर्किलों के माध्यम से 3,685 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों का रखरखाव करता है। भारत में कई ऐतिहासिक संपत्तियां और स्थल हैं, जिनमें प्राचीन मंदिरों और अन्य स्मारकों से लेकर मध्ययुगीन संरचनाएं और औपनिवेशिक युग की इमारतें शामिल हैं।

इनमें ब्रिटिश शासन या डच युग के दौरान या फ्रांसीसी, डेनिश और पुर्तगाली औपनिवेशिक शासकों द्वारा निर्मित इमारतें भी शामिल हैं। एएसआइ-संरक्षित स्थलों में बड़े पैमाने पर प्राचीन युग या मध्ययुगीन काल के स्मारक और पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। विभिन्न राज्यों के पास अपने पुरातत्व विभाग भी हैं जो एएसआइ के तहत संरक्षित नहीं किए गए कई पुराने स्थलों की देखभाल करते हैं। बड़ी संख्या में औपनिवेशिक युग की इमारतें, जो मुख्य रूप से ब्रिटिश काल के दौरान निर्मित और प्रतिष्ठित वास्तुकला से संपन्न थीं, का उपयोग जिला कलेक्टरेट, जिला बोर्ड और नगरपालिका कार्यालयों जैसे सरकारी कार्यालयों के अलावा संग्रहालयों, पुस्तकालयों और रेलवे स्टेशनों तथा अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

इनमें से कई पुरानी इमारतें, अपने ऐतिहासिक मूल्य और स्थापत्य चरित्र के बावजूद, किसी भी प्राधिकरण के तहत संरक्षित नहीं हैं तथा विशेषज्ञ उनके क्षय या क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। रपट में कहा गया है कि 'समिति ने संरक्षण की आवश्यकता वाले ब्रिटिश-युग के विरासत स्थलों का मुद्दा उठाया था।

समिति ने इसके लिए जो विशिष्ट उदाहरण दिए उनमें 74 जिला कलेक्ट्रेट भवनों को ध्वस्त किया जाना, दरभंगा में डीजी पोस्ट भवन (150 वर्ष पुराना) और पटना क्लाक टावर शामिल हैं। डच काल और ब्रिटिश काल की प्रतिष्ठित संरचनाओं की विशेषता वाले पटना कलेक्ट्रेट परिसर को अप्रैल 2022 में विभिन्न विरासत प्रेमियों के विरोध और विशेषज्ञों द्वारा असुरक्षित ऐतिहासिक स्थल को संरक्षित करने की अपील के बीच ढहा दिया गया था। पिछले कुछ दशकों में अन्य राज्यों में औपनिवेशिक काल की कई अन्य असुरक्षित इमारतों को भी ध्वस्त कर दिया गया है।

## खबर कोना



मुंबई में शुक्रवार को रसोई गैस संकट के बीच खाली सिलेंडर पर बैठकर आराम कर रही एक महिला।

### लोगों का जीवन बेहतर बनाना हो आर्थिक नीतियों का लक्ष्य : राष्ट्रपति

नई दिल्ली,

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि हर आंकड़े के पीछे एक मानवीय कहानी होती है और आर्थिक नीतियों की वास्तविक कसौटी केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उनके परिणाम होते हैं। राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए भारतीय आर्थिक सेवा (आइईएस) के अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा में आर्थिक योजना एवं उसके क्रियान्वयन की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। मुर्मू ने कहा कि आर्थिक नीतियों का लक्ष्य लोगों का जीवन बेहतर बनाना होना चाहिए।

### साध्वी निरंजन ज्योति ने ग्रहण किया एनसीबीसी के अध्यक्ष का कार्यभार

नई दिल्ली,

साध्वी निरंजन ज्योति ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष और किरण उमेश महाले ने आयोग के सदस्य का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बीते दिनों इनके नामों की घोषणा हुई थी। साध्वी निरंजन ज्योति पूर्व सांसद हैं और वे ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालयों में केंद्रीय राज्य मंत्री सहित कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक पदों पर रह चुकी हैं। वहीं किरण उमेश महल्ले अमरावती नगर निगम की महापौर रह चुकी हैं।

### अदालत ने मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआइ जांच की याचिका खारिज की

मुंबई,

बंबई हाई कोर्ट ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस को अवैध रूप से निकाला गया है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है।

### एक अप्रैल को श्रम सुधारों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे श्रमिक संगठन

नई दिल्ली,

केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की चार श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर एक अप्रैल 2026 को 'काला दिवस' के रूप में मनाने का शुक्रवार को आह्वान किया। सरकार चार श्रम संहिताएं...वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 को 21 नवंबर 2025 को लागू किया है। बयान के अनुसार, केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों के मंच ने श्रमिक संघों से एक अप्रैल को 'काला दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसी दिन केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं के लागू करने को लेकर नियमों को अधिसूचित करने की घोषणा की है।

# इजराइल की ईरान पर 50 फाइटर जेट से एयरस्ट्राइक...

## एटमी ठिकानों को निशाना बनाया... ईरान ने सऊदी पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, ईरान जंग में हूती विद्रोही भी शामिल, इजराइल पर 2000 किमी से बैलिस्टिक मिसाइल दागी, हूती-हिज्बुल्लाह की एंट्री से गहराया संकट



### मिडिल ईस्ट जंग अब परमाणु युद्ध की ओर!

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध एक महीने में और भीषण हो गया है। न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों और ईरान के जवाबी हमलों से हालात खतरनाक हैं। हूती और हिजबुल्लाह की एंट्री ने तनाव बढ़ा दिया है। अमेरिका ईरान की घेराबंदी में जुटा है, जबकि ईरान पीछे हटने को तैयार नहीं। परमाणु हथियार को लेकर बहस तेज है। लगातार हमलों के बीच आशंका है कि यह संघर्ष और बड़ा रूप ले सकता है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुलवाने को लेकर अमेरिका की कोई रणनीति काम नहीं आ रही है। इस बीच ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर इजरायली हमलों ने इस जंग को और खतरनाक मोड़ पर ला दिया है। जंग इसलिए और भीषण रुख लेती जा रही है क्योंकि अब इसमें हूती विद्रोहियों की भी एंट्री हो गई है। लेबनान में हिजबुल्लाह पहले ही युद्ध में पीछे ना हटने का दावा कर रहा है। इस बीच हूती विद्रोहियों के हमलों से मध्य-पूर्व में जारी युद्ध और विध्वंसक रूप लेता जा रहा है।

ईरान-इजराइल जंग में अब हूती विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी।

इसके अलावा इराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागीं। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### ईरान ने 5 देशों पर हमले किए

मिडिल ईस्ट में जारी जंग को एक महीना हो चुका है, लेकिन खाड़ी देशों में हमले अब भी जारी हैं। शनिवार सुबह तक अलग-अलग देशों से हमलों और इंटरसेप्शन की खबरें सामने आई हैं। यूएई में अबू धाबी और दुबई के बीच स्थित खलीफा इकोनॉमिक जोन के पास इंटरसेप्ट की गई बैलिस्टिक मिसाइल का मलबा गिरने से तीन जगह आग लग गई। इस घटना में 6 लोग घायल हुए हैं। ओमान में सलालाह पोर्ट को ड्रोन से निशाना बनाया गया। इस हमले में एक विदेशी कर्मचारी घायल हुआ और एक क्रेन को नुकसान पहुंचा। सऊदी अरब में रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजधानी रियाद की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही मार गिराया गया। बहरीन में ईरान की ओर से निशाना बनाए गए एक ठिकाने पर लगी आग को सिविल डिफेंस ने बुझा दिया। कुवैत में कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले में रडार सिस्टम को नुकसान पहुंचा। साथ ही, पिछले 24 घंटों में नेशनल गार्ड ने 6 ड्रोन मार गिराए।

### ईरान के हमले में एक सप्ताह में 29 अमेरिकी सैनिक घायल

ईरान के हमलों में पिछले एक हफ्ते के दौरान 29 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागीं। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि शुरुआत में अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि करीब 10 सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें 2 गंभीर थे। इस हफ्ते की शुरुआत में भी इस एयरबेस पर दो बार हमले हुए थे। इनमें से एक हमले में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हुए थे। प्रिंस सुल्तान एयरबेस सऊदी अरब की राजधानी रियाद से करीब 96 किलोमीटर दूर स्थित है। यह बेस सऊदी वायुसेना के नियंत्रण में है, लेकिन इसका इस्तेमाल अमेरिकी सेना भी करती है।

### लेबनान में एंबुलेंस पर इजराइली हमला, पैरामेडिक की मौत

दक्षिणी लेबनान में सिविल डिफेंस एंबुलेंस पर इजराइली हमले में एक पैरामेडिक की मौत हो गई है। पैरामेडिक घायल व्यक्ति को प्राथमिक इलाज देता है।

दक्षिणी लेबनान में इजराइली सेना के 9 सैनिक घायल इजराइली सेना ने बताया है कि दक्षिणी लेबनान में दो अलग-अलग हमलों में उसके 9 सैनिक घायल हुए हैं। शुक्रवार को एक एंटी-टैंक मिसाइल हमले में सैनिक घायल हुए। वहीं शनिवार सुबह हुए एक और रॉकेट हमले में 7 सैनिक घायल हो गए हैं। इसमें से एक की हालत गंभीर है।

### अमेरिका में टॉमहॉक मिसाइल का स्टॉक खत्म होने की आशंका

ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका ने बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसे अमेरिकी हथियारों के जखीरे का अहम हथियार माना जाता है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं। अगर यह सही है तो टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है। रक्षा मंत्रालय के भीतर इसको लेकर चिंता बढ़ गई है। एक टॉमहॉक बनाने में करीब 2 साल लग सकते हैं।

इजरायल और खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमले जारी हैं। ईरान की ओर से हिज्बुल्ला मोर्चे पर डटा है। अब हूती विद्रोहियों की एंट्री से युद्ध और खतरनाक हो गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि अमेरिका जल्द ईरान के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान चलाने की तैयारी में है। कई मोर्चों पर ईरान की घेराबंदी और लगातार परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया जाना , इसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

### क्या है अमेरिका की तैयारी?

अमेरिका ईरान को घुटनों पर लाने की कोशिश में लगा है, लेकिन ईरान किसी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं। तो क्या ईरान के जवाबी हमलों के बीच अब अमेरिका ने फाइनल प्रहार की तैयारी कर ली है। क्या ये जंग परमाणु युद्ध की ओर बढ़ती दिख रही है। दरअसल, मिडिल ईस्ट में जारी लड़ाई अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है, जहां सबसे खतरनाक सवाल खुलकर सामने आ गया है, क्या ईरान अब परमाणु बम बनाएगा?

### ईरान में परमाणु हथियार बनाने की मांग

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान में धार्मिक नेताओं का गुट अब खुले तौर पर परमाणु हथियार बनाने की मांग कर रहा है। ईरान पहले ही यूरेनियम को हथियार स्तर के करीब तक समृद्ध कर चुका है, इजरायल लंबे समय से दावा करता रहा है कि तेहरान कुछ महीनों में बम बना सकता है। माना जा रहा है कि यही वजह है कि अब अमेरिका और इजरायल लगातार ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। बीते कुछ दिनों से ईरान के परमाणु साइट्स टारगेट पर हैं। लगातार हमले हो रहे हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी दावा कर रहे हैं की मध्य-पूर्व में परमाणु धमकियों को खत्म करने के लिए अमेरिका पूरी तरह से तैयार रहा।

### क्या बोले डोनाल्ड ट्रंप?

इस बीच ट्रंप ने कहा, हम मध्य-पूर्व में परमाणु धमकियों को खत्म कर रहे हैं। मेरे नेतृत्व में अमेरिका इस कट्टरपंथी शासन से पैदा खतरे को खत्म कर रहा है और ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के जरिए ईरान की ताकत को तबाह कर रहा है। हमारे पास दुनिया दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना है। मैंने इसे अपने पहले कार्यकाल में बनाया। हमारे पास ऐसे हथियार हैं जिन्हें किसी ने नहीं देखा, और कुछ के बारे में तो कोई जानता भी नहीं है, सिवाय कुछ लोगों के। 47 साल तक ईरान को मिडिल ईस्ट का धौंस जमाने वाला देश माना जाता था, लेकिन अब वह भाग रहा है।

### यूरेनियम प्रोसेसिंग प्लांट पर हमला

इजरायल ने शुक्रवार को ईरान के यज्द में यूरेनियम प्रोसेसिंग प्लांट को निशाना बनाया। इजराइली सेना के मुताबिक, हमले में उस फैसिलिटी को टारगेट किया गया जहां यूरेनियम समृद्ध करने के लिए जरूरी प्रोसेसिंग होती है। न्यूक्लियर ठिकानों पर अमेरिका-इजरायल के हमलों ने ईरान का गुस्सा भडका दिया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी है कि इन हमलों के लिए इजराइल को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## अरुंधति राय और हान कांग 'क्रिटिक्स सर्कल' पुरस्कार से सम्मानित

वाशिंगटन,

नोबेल पुरस्कार विजेता हान कांग के एक उपन्यास, कृत्रिम मेधा (एआइ) एवं ओपनएआइ पर करेन हाओ के शोध और लेखिका अरुंधति राय के एक संस्मरण को अमेरिका के 'नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हान का उपन्यास 'वी डू नाट पार्ट' कोरियाई मुख्यभूमि के दक्षिण में स्थित जेजू द्वीप में 1948-1949 के विद्रोह की कहानी है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इस उपन्यास का अनुवाद ई येवोन और पेज अनियाह मारिस ने किया है। पुरस्कारों की कथा समिति की अध्यक्ष हीथर स्काट ने कहा कि कहानी 'एक असरदार और थाम लेने वाले सपने की तरह मन में बस जाती है।' लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी का पुरस्कार लेखिका फ्रांसेस फिट्जगेराल्ड को दिया गया, जिनकी वियतनाम युद्ध पर आधारित 1972 की पुस्तक 'फायर इन द लेक' काफी चर्चित है। नेशनल पब्लिक रेडियो और पब्लिक ब्राडकास्टिंग सर्विस को उन संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया गया जिन्होंने पुस्तक संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अरुंधति को उनकी कृति 'मदर मैरी कम्स टू मी' को आत्मकथा श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा हाओ की 'एम्पायर आफ एआइ : ड्रीम्स एंड नाइटमेयर्स इन सैम आल्टमैन्स ओपनएआइ' ने गैर-काल्पनिक श्रेणी में पुरस्कार जीता। एलेक्स की 'ए परफेक्ट टर्माइल : वाल्टर ई फर्नाल्ड एंड द स्ट्रगल टू केयर फार अमेरिकाज डिसेबल्ड को जीवनी श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।

## स्पेन के राजदूत जुआन एंटोनियो मार्च पुजोल ने कहा
# ईरान में बदलाव के पक्षधर, बाहरी हस्तक्षेप उचित नहीं

नई दिल्ली,



पुजोल ने कहा कि भारत को सुरक्षा परिषद में एक ऐसे देश के रूप में प्रवेश करना चाहिए, जो दुनिया में शांति व सद्भाव का ध्वजवाहक बने।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत में स्पेन के राजदूत जुआन एंटोनियो मार्च पुजोल ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश ईरान में आंतरिक स्तर पर 'सकारात्मक बदलाव' के पक्ष में है, लेकिन 'बाहरी हस्तक्षेप' के जरिए सत्ता परिवर्तन उचित तरीका नहीं है।

यहां आयोजित एक कार्यक्रम में पुजोल ने बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि 'हथियार और टकराव मानवता के लिए कोई समाधान नहीं हैं।' एक समारोह में अपने संबोधन में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया में किसी भी युद्ध की स्थिति से निपटने में संयुक्त राष्ट्र को नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद स्थापित इस संस्था की विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि 'संयुक्त राष्ट्र के साथ हम बेहतर स्थिति में हैं, हालांकि इसे समय के साथ विकसित होना भी जरूरी है।' उनकी ये टिप्पणियां दुनिया में जारी कई संघर्षों के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र को कुछ वर्गों से मिल रही आलोचनाओं की पृष्ठभूमि में आई हैं।

पुजोल ने कहा कि स्पेन हमेशा भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शामिल करने के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा, 'हालांकि, मैं व्यक्तिगत तौर पर एक बात कहना चाहूंगा। अगर भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अन्य पांच देशों से अलग तरीके से शामिल हो, तो मुझे बहुत खुशी होगी। ये पांचों (स्थायी सदस्य) देश कुछ हद तक अपने राष्ट्रीय हितों से जुड़े हुए हैं।' स्पेन के राजदूत ने कहा, 'मेरा मानना है कि भारत को सुरक्षा परिषद में एक ऐसे देश के रूप में प्रवेश करना चाहिए, जो दुनिया में समावेशिता का प्रतीक हो और शांति व सद्भाव का ध्वजवाहक बने तथा यह बेहद महत्त्वपूर्ण होगा।'

# तमिलनाडु के मंदिर से चोरी की तीन मूर्तियां भारत को लौटाएगा अमेरिका

नई दिल्ली,

अमेरिका स्थित द्यास्मथसानयस नशनल म्युजियम आफ एशियन आर्टह्न तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गई तीन प्राचीन मूर्तियां भारत को लौटाएगा। इन मूर्तियों को भारत के मंदिरों से चुराए जाने की बात शोध से स्थापित हो जाने के बाद यह फैसला किया गया।

अमेरिका में भारतीय दूतावास की उप प्रमुख नामग्या खम्पा ने नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी की संत सुंदरार के साथ परवी की मूर्ति की वापसी के लिए यहां द्यनेशनल म्युजियम आफ एशियन आर्टह्न (एनएमएए) के निदेशक चेस राबिन्सन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम आफ एशियन आर्ट से तीन अमूल्य प्राचीन वस्तुएं भारत वापस भेजी जा रही हैं: नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मुर्ति तथा 16वीं सदी में संत सुंदरार के साथ परवी का चित्रण।' उसने बताया कि इन प्राचीन वस्तुओं की उत्पत्ति से जुड़े शोध के बाद संग्रहालय ने पाया कि इन्हें भारत से अवैध रूप से हटाया गया था।

'शिव और उमा' की मूर्ति, जिसे 'सोमस्कंद' भी कहा जाता है और 'परवी के साथ संत सुंदरार' की मूर्ति 1987 में आर्थर एम सैकलर द्वारा संग्रहालय को दान किए गए संग्रह का हिस्सा थीं।

# कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से जयशंकर ने की बात

नई दिल्ली, 27 मार्च (ब्यूरो)।



जी7 से इतर पश्चिम एशिया संकट पर की चर्चा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने फ्रांस में जी7 बैठक के इतर मुलाकात कर पश्चिम एशिया संकट और उसके परिणामों पर प्रमुखता से चर्चा की। जयशंकर जी7 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने गुरुवार को यहां पहुंचे।

कनाडा की विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने एवं जयशंकर ने जी7 बैठक से इतर मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में हमारी भारत यात्रा के दौरान हमारे प्रधानमंत्रियों द्वारा आगे बढ़ाई गई साझेदारी पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, पश्चिम एशिया में स्थिति और महत्त्वपूर्ण खनिज, कृषि एवं शिक्षा सहित उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें सहयोग को और गहरा किया जा सकता है।

जयशंकर दो दिवसीय जी7 बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करेंगे जिसमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि होर्मुज जलमार्ग अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रहे। ईरान द्वारा होर्मुज जलमार्ग को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है।



बर्बादी

तेहरान में शुक्रवार को अमेरिका-इजराइल हमले की चपेट में आई एक आवासीय इमारत का निरीक्षण करते हुए बचावकर्मी।

## मेक्सिको की खाड़ी में तेल रिसाव फैला, जलीय जीवों के लिए खतरा

मेक्सिको सिटी,

मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में हुआ तेल रिसाव 600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गया, जिसमें सात प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र भी शामिल हैं। मेक्सिको के अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक अज्ञात जहाज और दो प्राकृतिक रिसाव स्रोतों से हुआ है। हालांकि, अधिकारियों ने हुए रिसाव से गंभीर पर्यावरणीय क्षति की आशंका से इनकार किया है। नौसेना सचिव एडमिरल रेयमंडो मोरालेस ने बताया कि उपग्रह चित्रों और क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद तेल रिसाव के तीन मुख्य कारणों का पता चला है। वहीं पर्यावरण सचिव एलीसिया बार्सेना ने कहा कि रिसाव से वेराक्रूज और ताबास्को के सात प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र प्रभावित हुए हैं लेकिन हमने कोई गंभीर पर्यावरणीय क्षति नहीं पाई है।

अमेरिकी अदालत का ऐतिहासिक फैसला | आदेश | याचिकाकर्ता केजीएम को साढ़े 56 करोड़ रुपए का हर्जाना मिलेगा

# सोशल मीडिया की लत से जुड़े मुकदमे में मेटा-गूगल पर भारी जुर्माना

सिडनी,

अमेरिका में एक जूरी ने फैसला दिया है कि इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म के डिजाइन में ऐसी खामियां हैं, जिसकी वजह से इनकी लत लग जाती है। लास एंजिलिस की जूरी ने इस बड़े मामले में लगभग नौ दिन में फैसला सुनाया।

यह मुकदमा केजीएम नामक एक युवती ने सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ दायर किया था। जूरी के मुताबिक इससे केजीएम नाम की 20 साल की महिला के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा। केजीएम को हर्जाने के तौर पर 60 लाख अमेरिकी डालर यानी करीब साढ़े 56 करोड़ रुपए चुकाने का फैसला भी सुनाया गया है। जूरी ने कहा कि केली को 30 लाख डालर हर्जाने और 30 लाख डालर इन कंपनियों से दंड के तौर पर मिलना चाहिए। जूरी ने 30 लाख डालर का हर्जाना देने का आदेश दिया, जिसमें मेटा (इंस्टाग्राम की मालिक) को 70 फीसद और गूगल (यूट्यूब की मालिक) को 30 फीसद हिस्सा देना होगा। बाद में 30 लाख डालर का दंडात्मक जुर्माना भी लगाया गया। टिकटाक और स्नैप ने मुकदमा शुरू होने से पहले ही गुप्त समझौता कर लिया था। यह इस हफ्ते अमेरिकी अदालत में मेटा की दूसरी बड़ी हार है।

24 मार्च को न्यू मेक्सिको की जूरी ने भी कंपनी को बच्चों के यौन शोषण के खतरे और उनके मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले असर की जानकारी छिपाने का दोषी पाया था। केजीएम का यह पहला ऐसा मामला है, लेकिन आखिरी नहीं। ऐसे 20 से ज्यादा मामले जल्द अदालत में पेश किए जाने हैं, जिनसे आगे के मामलों का रास्ता तय होगा। इस फैसले के दूरगामी असर हो सकते हैं। बड़ी टेक कंपनियों के लिए यह फैसला वैसा ही साबित हो सकता है, जैसा कभी तंबाकू कंपनियों के लिए हुआ था। इसी तरह के हजारों मामले कतार में हैं।

केजीएम (अब 20 वर्षीय) ने कहा कि उसने छह साल की उम्र में यूट्यूब और नौ साल की उम्र में इंस्टाग्राम का इस्तेमाल शुरू किया था। धीरे-धीरे उसे इनकी आदत लग गई और वह एक दिन में 16 घंटे तक इंस्टाग्राम इस्तेमाल करने लगी। इन प्लेटफार्म के फीचर उसे बार-बार इस्तेमाल करने के लिए मजबूर करते थे। इससे उसे तनाव, अवसाद, और आत्महत्या जैसे विचार आने लगे।

केजीएम ने कहा कि मेटा और यूट्यूब ने जानबूझकर ऐसे डिजाइन बनाए ताकि बच्चे ज्यादा समय तक इनका इस्तेमाल करें और कंपनी को ज्यादा मुनाफा हो। आरोप है कि कंपनियों ने जुआ और सिगरेट उद्योग की तकनीकों का इस्तेमाल किया, ताकि लोग ज्यादा जुड़े रहें और विज्ञापन से ज्यादा पैसा कमाया जा सके। केजीएम के वकील मार्क लेनियर ने जूरी से कहा कि इन कंपनियों ने ऐसी मशीनें बनाईं, ताकि बच्चों के दिमाग को इनका आदी बनाया जा सके और उन्होंने ऐसा जानबूझकर किया।

### कंपनियों का जवाब

मेटा ने कहा कि केजीएम को सोशल मीडिया इस्तेमाल करने से पहले ही कई दिक्कतें थीं, इसलिए उसकी सारी परेशानी के लिए सिर्फ सोशल मीडिया को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। यूट्यूब के वकील ने कहा कि केजीएम के मेडिकल रिकार्ड में यूट्यूब की लत का कोई जिक्र नहीं है। कंपनियों ने अपने बचाव का एक बड़ा हिस्सा धारा 230 के तहत संरक्षण पर केंद्रित किया।




### आगे क्या होगा

यह दुनिया का पहला बड़ा मामला है, जिसमें सोशल मीडिया की लत को नुकसान का कारण माना गया है। जूरी ने पाया कि मेटा ने गलत जानकारी दी और बच्चों की कमजोरी का फायदा उठाया। मेटा और गूगल ने कहा है कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

